सूरी (पश्चिम बंगाल)□ बीरभूम जिले के सतपालसा में माक्पा के दो कथित कार्यकर्ताओं की उस समय मौत हो गई जब उनके द्वारा बना□ जा रहे देसी बम फट ग□□ दूसरी ओर, राज्य में पंचायत चुनावों के तहत चौथे दौर का मतदान आज चार जिलों में शुरू हो गया □

मृतकों की पहचान जमीर शेख और असीम बगदी के रूप में हुई है जिन्हें माक्पा कार्यकर्ता बताया जाता है, लेकिन पार्टी के जिला सचिव दिलीप गांगुली ने कहा, ''हमें उनके पार्टी से जु□ होने के बारे में पक्की तरह पता नहीं है □''

शव मयूरेश्वर थानांतर्गत धान के खेतों में मिले □

रामपुरहट उपमंडल पुलिस अधिकारी देबाशीष नंदी ने कहा, ''प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि दोनों बम बना रहे थे जो उनके हाथों में फट ग□ □''

स्थानीय लोगों ने जहां तीन शव मिलने का दावा किया, वहीं पुलिस ने केवल दो शव मिलने की पुष्टि की है □

□ क अन्य घटना में नदिलीय प्रत्याशी हृदय घोष के पिता को इसी जिले में बोलपुर के नजदीक कसबा में कथित तौर पर गोली मार दी गई □

घोष ने दावा किया कि हमलावरों ने उन्हें निशाना बनाया, लेकिन उन्हें बचाने की कोशिश करते समय उनके पिता को गोली लग गई □

सूरी उपमंडल तथा बीरभूम में भी माओवादियों से संबंधित कुछ परचे पा□ ग□ □

बीरभूम, मालदा, मुर्शिदाबाद और नादिया जिलों में पंचायत चुनावों के चौथे दौर का मतदान जारी है □

(भाषा)